रमणि रंगन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कर्नाटक वाद्य संगीत (वीणा)

तमिलनाडु के तंजावुर में 10 सितंबर 1940 को जन्मी, श्रीमती रमणि रंगन ने मद्रास विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की है। आपने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था और आपको स्वर्ण पदक भी मिला था। आप आकाशवाणी की 'उच्च ए' श्रेणी की वीणा वादक रही हैं। आप रमणी वेंकटरमन, रंगनायकी राजगोपालन और आर. वेदवल्ली के कुशल मार्गदर्शन में वीणा वादन और गायन, दोनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप कराईकुडी संबाशिव अय्यर परंपरा और मुदिकोंडन सी. वेंकटरमन अय्यर परंपरा का पालन करती हैं।

आप आकाशवाणी मद्रास की स्टाफ कलाकार हैं। आप टीचर्स कॉलेज ऑफ म्यूजिक और द म्यूजिक एकेडमी, चेन्नई में गायन संगीत की व्याख्याता थीं। वार्षिक मार्गाजी (संगीत सत्र) को कवर करने वाले स्थानीय समाचार पत्रों और पत्रिकाओं से जुड़कर आपने संगीत पत्रकारिता भी की है। आपने आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए संगीत के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने कई वर्षों तक वीणा वादक के रूप में डॉ. वी. राघवन के संस्कृत रंग नाटकों में भागीदारी की है। आपने 'संगीत की शिक्षा', 'भारत के वाद्य', 'संगीत कार्यक्रम में संगतकार की भूमिका' और 'संगीत सीखने के लिए पुरानी गुरुकुल प्रणाली और वर्तमान स्कूल' जैसे विषयों पर बहुत से ज्ञानवर्द्धक कार्यक्रम तैयार किए हैं। आपने ऐसे कई कार्यक्रमों का संचालन किया है जिसमें वरिष्ठ कलाकारों द्वारा संगीत सीखने और इसके प्रचार–प्रसार से जुड़ी बारीकियों पर विचार–विमर्श किया जाता था। इन कार्यक्रमों का आकाशवाणी द्वारा अक्सर पुनः प्रसारण किया जाता है।

कर्नाटक वाद्य संगीत (वीणा) में योगदान के लिए श्रीमती रमणि रंगन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

RAMANI RANGAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Instrumental Music (Veena)

Born on 10 September 1940 in Thanjavur in Tamil Nadu, Shrimati Ramani Rangan is a gold medallist, and also a first rank holder in MA, Music from Madras University. She has been a 'Top' Grade Veena exponent with the All India Radio. She has trained under the able guidance of Ramani Venkataraman both in Veena and vocal, Ranganayaki Rajagopalan in Veena, and R. Vedavalli for vocal music. She has been following the Karaikudi Sambasiva Iyer Parampara and the Mudicondan C. Venkataraman Iyer Parampara.

Her professional engagements have included being a staff artist with the All India Radio, Madras. She was a Lecturer of Vocal Music at Teachers' College of Music and The Music Academy, Chennai. She has also been a music journalist with local newspapers and magazines covering the annual Marghazi (Music season). She has performed in the National Programme of Music in All India Radio and also for Doordarshan. She has participated in Dr V. Raghavan's Sanskrita Ranga dramas by playing Veena for several years. She has produced various knowledge imparting programmes on the 'Teaching of Music', 'Instruments of India', 'The role of the accompanist in a concert' and the 'the old gurukula systems and the present day schools for learning music'. The programmes had participation from varied senior artists to disentangle the nuances of learning and dissemination and were moderated by her. These programmes are often rebroadcast by All India Radio.

Shrimati Ramani Rangan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Carnatic instrumental music.